सार-समाचार

रंगदारी वसूलने वाले 'टाइगर गैंग' के सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

पाटन (निसं)। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में रंगदारी वसूली करने वाले कुख्यात 'टाइगर गैंग' के सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के खनन व्यवसायियों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।पाटन थानाधिकारी रमेश चंद्र मीणा ने बताया कि क्षेत्र में सूचना मिल रही थी कि इंद्राज उर्फ टाइगर गैंग के सदस्य नीम का थाना व उदयपुरवाटी के आसपास संचालित क्रेशर व खान मालिकों तथा व्यापारियों को धमकाकर रंगदारी के रूप में मोटी रकम वसूल रहे थे। रकम नहीं देने पर आरोपितों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। जांच में सामने आया कि गैंग के सदस्य संगठित रूप से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे और भय का माहौल बनाकर अवैध वसूली का प्रयास कर रहे थे। आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुख्य आरोपी इंद्राज के खिलाफ पाटन थाना सहित अन्य थानों में कुल 13 प्रकरण दर्ज हैं, जबकि अशोक कुमार के विरुद्ध पाटन सहित 15 प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। गैंग के सदस्य किशनलाल के खिलाफ पाटन सहित तीन मामले दर्ज हैं तथा ओमप्रकाश के विरुद्ध भी तीन प्रकरण दर्ज होकर ट्रायल जारी है।पुलिस के अनुसार आरोपितों के डर के कारण आमजन व पीड़ित गवाही देने से कतराते रहे हैं, जिससे इनके हौसले बुलंद होते गए। पुलिस ने बताया कि संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।पाटन पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में संगठित अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रद्धानाथ आश्रम में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

लक्ष्मणगढ़, (निसं)। शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन चूरू एवं विशाल सिंहजी शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट कुमास/चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर कल रविवार 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को लगेगा। ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ जी महाराज के पुण्य स्मृतिमें पीठाधीश्वर पद्मश्री संत बैजनाथ जी महाराज के सानिध्य में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। आश्रम के प्रकाशनाथ महाराज के अनुसार शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बीएल गौड, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डीदास, डॉ. हर्षवद्र्धन शेखावत एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जायेगी। शिविर चिकित्सा प्रभारी एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, पाईल्स, टॉंसिल, फीसर, फिस्चुला, नासूर, एलर्जी-नजला, एग्जीमा, खाज-खुजली, सोरायसिस, बच्चे दानी की गांठ, ट्यूमर, पित्ती, सफेद दाम, प्रोस्टेट, दमा (श्वास) आदि के अतिरिक्त स्त्री एवं बच्चों के रोगों की विशेष चिकित्सा व्यवस्था रहेगी। शिविर सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक रहेगा जिसमें रोगियों को जरूरत के अनुसार सभी दवाईया निःशुल्क प्रदान की जायेगी।

लोक अदालत आयोजित

पाटन (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति नीमकाथाना द्वारा एसबीआई बैंक की लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत में बैंक से संबंधित विभिन्न प्रकरणों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।लोक अदालत की बेंच में अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कार्यवाही का संचालन किया तथा सदस्य के रूप में श्रीमती शशीकला सैनिक उपस्थित रहीं। दोनों ने पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों के समाधान के लिए प्रेरित किया और शीघ्र न्याय के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से राकेश कुमार जांगिड, उप प्रबंधक कमला मोदी ब्रांच तथा रामनिवास, उप प्रबंधक शाहपुरा रोड ब्रांच उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने लंबित ऋण प्रकरणों एवं अन्य मामलों में समझौते के माध्यम से समाधान के प्रयास किए।लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय प्राप्त हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की लोक अदालतें आमजन को राहत प्रदान करने के साथ-साथ न्यायालयों में लंबित मामलों के भार को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

मातृ- पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित

नोहर, (निसं)। स्थानीय एंजल पब्लिक स्कूल में शनिवार को वैलेंटाइन डे के अवसर पर मातृ- पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों का पूजन कर उनके प्रति कृतज्ञता और आदर का भाव प्रदर्शित किया गया। जिसके तहत बच्चों ने अभिभावकों की पूजा के साथ उनकी आरती उतारी और उनका मुंह मीठा करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल की डायरेक्टर शशि कला माहेश्वरी ने बताया की कार्यक्रम के पीछे हमारा उद्देश्य था कि बच्चे वैलेंटाइन डे को टीवी और मोबाइल पर प्रदर्शित किया जा रहे तौर तरीकों से नहीं बल्कि अपने परिवार के साथ भी उत्साह से बना सके तथा मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से उनको यह संदेश दिया गया कि हमारे जीवन में माता-पिता की कितनी अहमियत है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर विद्यालय द्वारा इस प्रकार के सामाजिक- सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाते रहते हैं ताकि बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़े रह सके। कार्यक्रम के दौरान अनेक बच्चे व अभिभावक भावुक होते दिखे।

शहीदों को नमन किया

बीदासर (निस) कस्बे की बचपन प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा शनिवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया तथा उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की अध्यापिका मीनाक्षी ओझा ने बच्चों को सैनिकों के सम्मान, त्याग और देश सेवा के महत्व की जानकारी दी। वहीं पूनम जांगिड़ ने विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रेरक विचार साझा किए। जिया वर्मा ने भी बच्चों को शहीद सैनिकों के साहस एवं बलिदान के बारे में बताते हुए देश प्रेम की भावना विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कशिश सोनी एवं कविता तेजस्वी ने बच्चों को देशभक्ति गीत सुनाकर वातावरण को देश प्रेम से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, सैनिक सम्मान तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना विकसित करना रहा।

भाजपा नेता राजेश दहिया का स्वागत

चिड़ावा, (निसं)। शनिवार को पिलानी विधानसभा के गांव हुक्मा की ढाणी तन स्वामी सेही में भाजपा नेता राजेश दहिया का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया। हुक्मा की ढाणी में बाबा गोकुलनाथ मंदिर में सवामणी प्रोग्राम था और भाजपा नेता राजेश दहिया ने अपना वादा पूरा करते हुए कल्याणों के बास को स्वामी सेही पंचायत में यथावत रखा। ग्रामीणों ने 21 किलो की फूलों की माला से स्वागत किया। साफा पहनाया। इस अवसर पर युवा नेता सोमवीर लाम्बा, सूरजगढ़ के निवर्तमान प्रधान बलवान, सुरेंद्र भाटिया, पवन मेघवाल, राजेंद्र मास्टर (गुढा), किशोरीलाल, चरणसिंह, सरपंच ईश्वर सिंह पूनियां, जनानारायण कुल्हरि, रिशालसिंह नेहरा, विजयसिंह कुलहरि, महेंद्रसिंह मास्टर, विकास कुलहरि, मोहनलाल मास्टर, श्रीचंद पिलानियां, सूबेसिंह पिलानियां, प्रवीण सांईपंवार, सुरेन्द्र (मोदी), रघुवीर नेहरा, अमरसिंह कुलहरि, रामसिंह कुलहरि, सहीराम सांईपंवार, संदीप कुलहरि, मुकेश पिलानियां आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

रतनगढ़ को आधुनिक नेत्र सुविधा की सौगात

रतनगढ़ (निसं)। शहर में आधुनिक नेत्र सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचायत समिति रोड, ट्रोमा सेंटर के सामने स्थित श्री श्याम ऑप्टिकल का भव्य शुभारंभ रविवार, 15 फरवरी 2026 को प्रातः 9:15 बजे होगा। नव स्थापित प्रतिष्ठान में उच्च गुणवत्ता वाले फ्रेम, ब्रांडेड लेंस एवं नवीनतम डिज़ाइन के चश्मे उपलब्ध रहेंगे। संचालक निखिल पुत्र पूनमचंद प्रजापत ने बताया कि उनका उद्देश्य रतनगढ़ एवं आसपास क्षेत्र के नागरिकों को विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण और किफायती नेत्र सेवाएं प्रदान करना है।उन्होंने सभी गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों से शुभारंभ समारोह में उपस्थित होकर आशीर्वाद देने का आग्रह किया है।

गुढ़ा रोड रेलवे पुलिया का काम जल्द होगा शुरू : राजेंद्र भांबू

झुंझुनूं, (निसं)। शहर में आने वाले समय में तीन-तीन रेलवे ओवरब्रिज होंगे। जी, हां राजस्थान सरकार ने एक तरफ सालों से बंद पड़े पुलिस लाइन के पास पुलिया का काम शुरू करवा दिया है। तो वहीं इस बार के बजट में हवाई पट्टी चौराहे तथा गुढ़ा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिया बनाने की घोषणा करते हुए बजट देने की बात कही है। 11 फरवरी को बजट में घोषणा के तीसरे दिन शनिवार को ही गुढ़ा रोड पर प्रस्तावित पुलिया को लेकर सरकार ने सक्रियता दिखाई है।

विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा है कि उनके पास मुख्यमंत्री निवास से समाचार आया है कि रेलवे पुलिया के लिए जो ड्रॉईंग तैयार की थी। वो लगभग अप्रुव है। साथ ही भूमि अधिग्रहण के लिए भी पैसे देने की तैयारी सरकार ने कर ली है। दरअसल बजट के बाद पहली बार झुंझुनूं आए विधायक राजेंद्र भांबू का कई जगहों पर स्वागत किया गया। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश पर ही गुढ़ा रोड पर भांबू का क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। करीब एक दर्जन जेसीबी से फूलों की बारिश की गई। क्षेत्र के लोगों ने विधायक भांबू को कंधों पर बैठाया और उनका स्वागत किया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि वे इस तरह के स्वागत से अभिभूत है। लेकिन यह स्वागत उनका नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का है। हमारी डबल ईंजन की सरकार ने जो वादे किए है। वो सभी पूरे होंगे।

विधायक भांबू ने कहा कि वे सिर्फ जनता ने जो दायित्व और जिम्मेदारी है। उसको निभा रहे है। झुंझुनूं विधानसभा को मुख्यमंत्री भजनलाल ने जो भी सौगातें दी है। वो विकसित भारत, विकसित राजस्थान और विकसित झुंझुनूं के क्रम में एक मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि इस बार बजट ऐतिहासिक है। पिछले 75 सालों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट है। यमुना का पानी लाने के लिए 32 हजार करोड़ रूपए सरकार खर्च करने वाली है। उन्होंने कहा कि तीनों पुलिया बन जाने से भी झुंझुनूं शहर का विकास होगा। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां समेत अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके साथ थे।

श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से डॉ. डीएन तुलस्यान और कमल केजड़ीवाल के नेतृत्व में भी विधायक भांबू का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री गल्ला व्यापार संघ छावनी बाजार के अध्यक्ष नितेश बंका, मंत्री रामावतार अग्रवाल एवं अनिल गाडिया द्वारा विधायक भांबू का माल्यार्पण के साथ साफा, दुपट्टा एवं शॉल ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा युवा नेता रवि गुप्ता बिरमीवाला, पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, पार्षद संजय पारीक, विनोद जांगिड़, प्रमोद बुडानिया, गुलजारीलाल शर्मा वेदजी, संदीप गोयल, बंशी फोगाट, प्रदीप पाटोदिया, विकास जनेवा, विजेंद्र लांबा, विक्रम झाझड़िया, सुरेश कस्वां व सुनिल पूनियां आदि प्रमुख थे।

एक का निर्माण जारी, दो की और घोषणा:- आपको बता दें कि इस बार के बजट में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने सीकर-लोहारू रूट पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 266 हवाई पट्टी चौराहे पर पुलिया निर्माण के लिए 45 करोड़ रूपए और इसी रूट पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 269 गुढ़ा रोड पर पुलिया निर्माण के लिए 43.03 करोड रूपए के बजट का प्रावधान रखा है। जबकि लेवल क्रॉसिंग संख्या 265 पुलिस लाइन के पास पुलिया का निर्माण जारी है। इस तरह से झुंझुनूं शहर में ये तीन पुलिया आने वाले समय में हो जाएंगे।

ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन

सीकर, (निसं)। सीकर में जनगणना-2027 को लेकर शनिवार को जिला परिषद सभागार में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों को दो दिवसीय ट्रेनिंग कैंप में पहले चरण हाउस लिस्टिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर महेश कुमार एवं सुभाष यादव ने चार्ज अधिकारियों से प्रश्नोत्तरी एवं क्रॉस प्रश्नों के माध्यम से विषय को गहराई से समझाया।

जिले में कुल 27 चार्ज अधिकारी हैं, जो अब सुपरवाइजर एवं प्रगणकों की नियुक्ति करेंगे। सीकर जिले में 4500 प्रगणक एवं 750 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे।

ट्रेनिंग के दौरान चार्ज अधिकारियों को डिजिटल स्वगणना के लिए आमजन को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। आमजन खुद पोर्टल पर जाकर अपनी सारी जानकारी भर सकते हैं, जिससे बार-बार परेशानियों से बचा जा सकेगा।

ट्रेनिंग के समापन सत्र में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हाउस विजिट के लिए समय का विशेष ध्यान रखें। जनगणना के दौरान कोई उकसाए या परेशान करे तो भी संयम नहीं खोना है। सभी प्रश्नों के उत्तरों में कोई गलती नहीं होनी चाहिए, इसकी पूरी सुनिश्चितता करें।

'डिग्री से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है छात्र का सर्वांगीण विकास'

झुंझुनूं, (निसं)। शेखावाटी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मोदी वर्ल्ड स्कूल के लिए शनिवार का दिन बेहद खास और गौरवपूर्ण है। स्कूल के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी को शनिवार को जयपुर के प्रसिद्ध होटल द ललित में आयोजित बड़े शैक्षिक सम्मेलन जीएसएलसी स्पार्क ड्यूक्स 2026 में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया है। उन्हें यहां एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्तित्व स्पीकर विद ग्रेविटास के रूप में पेश किया गया है। जिनकी सोच और दूरदर्शिता शिक्षा की दिशा बदलने की ताकत रखती है।

इस बड़े आयोजन का मुख्य विषय द न्यू ग्रेविटी रखा गया है। इसका सीधा मकसद उन ताकतों और बदलावों को समझना है। जो आने वाले समय में स्कूलों और पढ़ाई के तौर-तरीकों को पूरी तरह बदल देंगे। डॉ. दिलीप मोदी इस मंच पर देश भर से आए शिक्षाविदों के सामने अपने विचार रख रहे हैं कि कैसे आधुनिक समय में स्कूलों को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार होना चाहिए। डॉ. दिलीप मोदी ने एक पैनल चर्चा के दौरान आधुनिक शिक्षा पद्धित पर अपने विचार साझा किए। पाठ्यक्रम बनाम अनुभव विषय पर केंद्रित इस चर्चा में डॉ. मोदी ने स्पष्ट किया कि आज के युग में केवल किताबी ज्ञान छात्रों के भविष्य की चुनौतियों के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य अंक तालिका तैयार करना नहीं। बल्कि एक सशक्त चरित्र का निर्माण करना है।

उन्होंने जोर देकर कहा, अंकों से ज्यादा चरित्र का महत्व है। पैनल चर्चा में उन्होंने बताया कि मोदी वर्ल्ड स्कूल में लर्निंग बाय डूइंग (करके सीखना) पर जोर दिया जाता है। रटने की प्रवृत्ति को खत्म कर बच्चों को अनुभवों के माध्यम से सिखाना ही वास्तविक शिक्षा है हम सभी को बदलते समय के साथ स्वयं को अपग्रेड करने की जरूरत है। तकनीक और परंपरा का संगम आधुनिकता और तकनीक के दौर में भी भारतीय संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास और अत्याधुनिक लैब के साथ-साथ अनुशासन और नैतिक मूल्य स्कूल की प्राथमिकता हो। डॉ. मोदी के अनुसार स्कूली शिक्षा का लक्ष्य ऐसे ग्लोबल सिटीजन्स तैयार करना हो जो न केवल अपने कॅरिअर की ऊंचाइयों को छुए, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार भी हों। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी के साथ मोदी वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा भी मौजूद रहे। जिन्होंने जयपुर में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। डॉ. शर्मा की उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि उनका अनुभव भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना अद्वितीय स्थान रखता है। साथ ही अपने 25 वर्षों से अधिक अनुभव से उन्होंने शेखावाटी क्षेत्र में सीबीएसई स्कूलों में एक बेहतरीन समन्वयक का कार्य किया किया है। निदेशक आकाश मोदी ने इस अवसर पर कहा कि यह बड़ा सम्मान डॉ. दिलीप मोदी को उनकी गहरी समझ और अनुभवी नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया है तथा कार्यक्रम में उन्हें एक विशेष वक्ता का दर्जा मिला है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाले कल की शिक्षा प्रणाली और स्कूलों में होने वाले क्रांतिकारी बदलावों पर चर्चा करना था। मोदी वर्ल्ड स्कूल परिवार के लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि डॉ. मोदी का नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा की नई परिभाषा तय करने में अपना योगदान दे रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मान के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, निदेशिका गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि एवं स्कूल स्टाफ ने डॉ. मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

'मिलेट्स को अपनाएंगे, फास्ट फूड नहीं खाएंगे'

सीकर, (निसं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को अरबन हाट बाजार में ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुभाष महरिया के मुख्य आतिथ्य में हुए मेले में वक्ताओं से मिलेट्स का महत्व बताते हुए खाने में इसका उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने मिलेट्स का सेवन करने से होने वाले शारीरिक फायदे बताते हुए इनका सेवन करने से बीपी, शुगर, डायबिटिज जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। मिलेट्स में फाइबर, प्रोटिन, आयरन, कैल्सियम, मैग्नीशियन, जिंक, विटामिन बी आदि अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। मिलेट्स पाचन विकास आदि से सुरक्षा करने में सहायक है।

मेले की अध्यक्षता दांतारामगढ के भाजपा नेता गजानंद कुमावत ने की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा, जिला समन्वयक राकेश लाटा थे। इस अवसर पर अतिथियों ने मिलेट्स पोस्टर का विमोचन भी किया। मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया व एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चैधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेले में सीकर शहर के खाद्य व्यापारी तथा सरकारी व प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतिथियों ने मेले में लगी विभिन्न प्रकार के मिलेट्स उत्पाद की स्टॉल का निरीक्षण किया और बाजरे, रागी के बिस्किट भी खरीदे।

इससे पूर्व कल्याण स्कूल के खेल मैदान में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथान को रवाना किया। वॉकथान में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी हाथों में मिलेट्स को बढ़ावा देने से संबंधित नारे लिखी तख्तियां तथा बैनर लेकर चल रहे हैं। वॉकथान शहर के बजरंग कांटा, डिपो तिराहा होते हुए अरबन हाट बाजार पहुंची। वॉकथान में छात्र छात्राएं मिलेट्स अपनाएंगे, पीजा बर्गर नहीं खाएंगे, कदम बढ़ाएं, सेहत बनाए, ईट राइट का संदेश फैलाए, मोटा अनाज अपनाओ खुद को बलवान बनाओ जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चैधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमुद अली, डीईओ वेदप्रकाश बाजिया सहित सभी प्रशिक्षु एसएफओ व चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया

सीकर (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग सीकर के सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा सीकर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन सीकर के जिला समन्वयक राहुल दान दिया ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मोचीवाडा के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह रोकथाम विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल विवाह से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। उपस्थित विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले हलवाई, पंडित, फोटोग्राफर, बाराती, टेंट संचालक, डीजे संचालक सहित किसी भी प्रकार से भागीदारी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनन कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें सजा का प्रावधान भी शामिल है।

अध्यापकों एवं बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि कहीं भी बाल विवाह होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है। इसके अतिरिक्त बच्चों को लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 ( ) तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष चौधरी ने चाइल्ड हेल्पलाइन की सेवाओं की सराहना करते हुए बच्चों एवं अध्यापकों से आग्रह किया कि अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की सुपरवाइजर सुनीता, धर्मचंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को ध्यान में रखकर बजट पेश किया'

■ 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार विकास कर रही है'

सीकर, (निसं)। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी सीकर प्रवास पर रहे। श्री चतुर्वेदी भाजपा कार्यालय पहुंचे यहां पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां सहित कार्यकर्ताओं ने माला, गुलदस्ता, साफा व पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों व क्षेत्र के विकास की दृष्टि को ध्यान में रखा है। कहा कि 2047 के विकसित भारत व विकसित राजस्थान की परिकल्पना का रोड मैप बजट में दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय व एकात्म मानवाद के सिद्धांतों पर भाजपा चलती है। बिजली, खाद्य सुरक्षा, पेंशन बढ़ोतरी के साथ आम आदमी के विकास की कामना करती है। महिलाओं, गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी के उत्थान का काम होगा बजट के माध्यम से होगा। युवाओं को नौकरी दी है, स्वास्थ्य का ध्यान रखा। उन्होंने कहा कि पिछले संकल्प के 70 प्रतिशत कामों को पूरा कर चुके हैं और शेष का निरंतर जारी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार विकास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत बनाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यमुना जल को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शामिल करते हुए काम किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना जल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राजस्थान सरकार ने 32 हजार करोड़ का प्रोविजन बजट में रखा है। शेखावाटी के लोगों को आजादी के बाद से लंबित मांग को पूरा करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। कहा कि जल्द ही पाईप लाइनों के माध्यम से शेखावाटी में यमुना जल का पानी पहुंचेगा।

विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अंतिम कार्यकाल के बजट में सिर्फ घोषणाएं करने का काम किया था। कांग्रेस की सरकार होटलों में रही।

जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, नेमीचंद कुमावत, करण सिंह, महेश खोखर, इंद्र शर्मा, गजेंद्र चारण, वरूण कुशलेश शर्मा, कविता चौधरी, महावीर सैन, रविंद्र गहलोत, आशीष जैन, ओमेंद्र चारण, मदन गढ़वाल, त्रिभुवन सिंह शेखावत, योगेश वर्मा, तरूण ढिकिया आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

'कलियुग में गायों की सेवा पापों का नाश करती है'

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती गांव धोरां की ढाणी स्थित गोरखधुणा में संत पं. रेंवती रमण के आश्रम पर महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में रूद्र महायज्ञ समिति के तत्वावधान में 121 कुंडीय रूद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित चंद्रशेखर दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 121 पंडितों व 363 जोड़ों ने एक साथ आहुतियां दी। विशाल धार्मिक आयोजन के चलते मंत्रोच्चार की गुंज से आसपास के क्षेत्रों में वातावरण आध्यात्मिक बना हुआ है। वहीं यज्ञ के दर्शन के लिए निकटवर्ती कस्बा नागौर, डिडवाना, लाडनू, सालासर, सीकर, नेछुआ, रतनगढ, पडिहारा, छापर, बीदासर सहित अनेक क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ने पहुंचकर यज्ञ के दर्शन किए तथा ओम नम शिवाय का जाप करते हुए यज्ञ मण्डप की परिक्रमा की। यज्ञ के साथ यज्ञ स्थल के पास प्रातः भागवत कथा का वाचन करते हुए पंडित नोरतमल शर्मा ने कहा कि कलियुग में भगवत नाम की बड़ी महिमा है क्योंकि कलियुग में केवल भगवान सुमिरन करने मात्र से व्यक्ति तर सकता है। कलियुग में गायों की सेवा पापो का नाश करती है। गाय को माता इसलिए कहा है, कि वह सृष्टि का पालन करती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में गाय है, वहां कभी दरिद्रता नही आ सकती। हमें गाय का शोषण नही बल्कि उसकी रक्षा करनी चाहिए। वही दोपहर में शिवपुराण कथा का वाचन कथावाचक पंडित घनश्याम शर्मा एवं श्रीराम कथा का वाचन पंडित हनुमान प्रसाद शर्मा ने विभिन्न प्रसंगो पर कथा का सार बताया। उल्लेखनीय है कि गोरखधुणा पर वर्ष 1997 से लगातार शिवरात्रि के उपलक्ष मे रूद्र महायज्ञ हो रहा है। ये 30 वां यज्ञ है। धार्मिक आयोजन के चलते लगभग चार दर्जन से अधिक अस्थाई दुकाने टैंटों में लगी हुई है। जहां ग्रामीण खरीददारी करते नजर आ रहे है। वही आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पैदल यात्रियों का जत्था गोरख धूणा पहुंचकर संत पंडित रेवती रमण के मंदिर में धोक लगाकर मनोतियां मांगी।

'आयुर्वेद विभाग में जल्द ही नई भर्ती देखने को मिलेगी'

झुंझुनूं, (निसं)। आयुर्वेद विभाग में नर्स, कंपाउंडर जूनियर ग्रेड मेरिट बेस भर्ती की मांग करने वाले बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। अब आयुर्वेद विभाग में जल्द ही रिक्त पदों पर नई भर्तियां देखने को मिलेगी। इसके लिए आयुर्वेद विभाग के मुखिया और प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गंभीर नजर आ रहे हैं। शनिवार को झुंझुनूं दौरे पर आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद विभाग के मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने लगातार बेरोजगारों के द्वारा नर्स, कंपाउंडर नई भर्ती की विज्ञिप्त जारी करने के लिए उठाई जा रही मांग के सवाल पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में लगभग दो हजार के करीब आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित कर इनमें लैपटॉप, दवाइयां जैसी सुविधाओं का विस्तार कि